## संपादकीय

# रक्षक का भक्षक बनना

### विशिष्ट सुरक्षा की नई व्यवस्था तलाशिए

यह गुरुग्राम के अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश की पी की गनर द्वारा हत्या व पुत्र को मरणासन्न बनाने का ही अपराध नहीं है, यह स्वाकी के विश्वास की भी हत्या है। कौन सोच सकता है कि जिसे परिवार की सुरक्षा का जिम्मा दिया गया, वही घर उजाड़ देगा। घटना की तात्कालिक वजह तलाशने में भले ही जांच एजेसियां लगी हों, मगर तय है कि यह ठंडे दिमाग से किया गया अमानवीय कृत्य है। हत्यारे की फेसबुक पोस्ट और व्यवहार से तो जाहिर है कि उसने सोच समझकर घटना को अंजाम दिया है। कहा जा रहा है कि आरोपी सिपाही कई तरह के मानसिक अवसाद से गुजर रहा था। उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी काफी उथलपुथल वाली रही है। पिछले दिनों उसके धर्म परिवर्तन तथा धर्मगुरुओं से जुड़ाव के मामले भी प्रकाश में आये और कुछ गिरफ्तारियां भी हुईं। कुछ समाचारों में उसके बेलगाम खर्चों के लिये रात को टेंक्सी चलाने और नींद पूरी न होने की खबरें भी छपी हैं। बहरहाल, क्या पुलिस विभाग की जवाबदेही नहीं बनती कि विशिष्ट लोगों की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों के व्यवहार की समय-समय पर जांच-पड़ताल की जाये।

कायदे से तो इस बात की नियमित जांच होनी चाहिए कि कहीं वीआईपी सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी लंबे मानसिक तनाव या अवसाद में तो नहीं हैं, जिसके चलते कोई ऐसी अनहोनी न हो जाये। सवाल है कि आरोपी पुलिसकर्मी दो वर्ष से इसी ड्यूटी पर क्यों तैनात था। विशिष्ट सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को अधिकारियों के परिवार की सेवा में क्यों लगाया जाता है? अकसर बच्चों को स्कूल छोड़ने और बाजार से खरीदारी व गाड़ी चलाने के काम में उन्हें लगा दिया जाता है। जाहिर-सी बात है कि इससे पुलिसकर्मियों में हीनता बोध आता है। इस तरह की ड्यूटी में उन्हें उस तरह का सम्मान नहीं मिलता जैसा कानून व्यवस्था बनाने में लगे पुलिसकर्मियों को मिलता है। कई बार अधिकारियों से न बन पाने के कारण ईमानदार पुलिसकर्मियों को ऐसी ड्यूटी पर लगा दिया जाता है। इस ड्यूटी को उनके सहकर्मी भी अच्छी नजर से नहीं देखते क्योंकि उनकी भूमिका निजी सेवक जैसी हो जाती है। उन्हें पर्याप्त आराम व छुट्टी नहीं मिलती। दरअसल, इन पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण कानून व्यवस्था संभालने के लिये होता है, ऐसी ड्यटी में वे खुद को असहज महसूस करते हैं। दरअसल, विशिष्ट लोगों की सुरक्षा के लिये अलग सुरक्षा बल बनाया जाना चाहिए, जिससे पुलिस का कामकाज भी प्रभावित न हो और पुलिसकर्मियों में हीनता बोध के चलते ऐसी वारदातें भी न हों।

# जीपीएफ में पैसे जमा करने पर मिलेगा ज्यादा ब्याज

नई दिल्ली। सरकार ने जनरल प्राविडेंट फंड (जीपीएफ) पर अक्टूबर-दिसंबर की चालू तिमाही के लिए ब्याज 0.4 प्रतिशत बढ़ा कर 8 प्रतिशत वार्षिक कर दिया है. यह लोक भविष्य निधि योजना में जमा धन पर देय ब्याज के ही बराबर है. जुलाई-सितंबर तिमाही में जीपीएफ पर ब्याज 7.6 प्रतिशत वार्षिक था. वित्त मंत्रालय के आर्थिक विभाग की एक अधिसूचना में कहा गया है 'ज्वर्ष 2018-19 के दौरान 1 अक्तूबर 2018 से 31 दिसंबर 2018 की अवधि में जनरल प्राविडेंट फंड

तथा ऐसे अन्य भविष्य निधि कोषों के अंशधारकों के खातों में जुटे धन पर ब्याज आठ प्रतिशत की दर से मिलेगा.

सरकार ने पिछले महीने एनएससी (राष्ट्रीय बचत पत्र) और पीपीएफ (लोक भविष्य निधि योजना) पर भी ब्याज 0.4 प्रतिशत बढ़ा दिया था. बैंकों की जमा योजनाओं में ब्याज दरों में बढ़ोत्तरी को देखते हुए सरकार ने अपनी योजनाओं में भी ब्याज बढ़ाने के निर्णय किए हैं.मालूम हो कि पिछले महीने सरकार ने घोषणा की थी कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के लिए एनएससी और पीपीएफ समेत छोटी बचत पर ब्याज दर 0.4 फीसद तक बढ़ाया जाएगा.

**क्या होता है जीपीएफ अकाउंट**

जीपीएफ अकाउंट एक प्रकार का प्रोविडेंट फंड है. हालांकि इसमें केवल सरकारी कर्मचारी ही पैसे जमा कर सकते हैं. यानी यह प्राइवेट नौकरी करने वालों के लिए नहीं है. इसमें जमा पैसा रिटायरमेंट के वक्त सरकारी कर्मचारी को मिल जाता है.

इस सुविधा का फायदा उठाने के लिए कर्मचारी को अपनी सैलरी का एक हिस्सा जीपीएफ में जमा करना होता है. अगर कर्मचारी को लोन की जरूरत होती है तो इस खाते से लोन लिया जा सकता है. इस लोन पर कोई ब्याज नहीं लगता. कर्मचारी जितनी बार चाहे, इस अकाउंट से लोन ले सकता है.

# 3.3 इंच की डिस्प्ले वाला एंड्रॉयड स्मार्टफोन लांच, कीमत कर देगी हैरान

नई दिल्ली। आज के समय मार्केट में 6.5 इंच और 6.4 इंच की बड़ी डिस्प्ले वाले फोन आ रहे हैं, वहीं Palm ने अपना एक शानदार छोटा स्मार्टफोन लांच कर दिया है। इस फोन में सिर्फ 3.3 इंच की डिस्प्ले है और यह एंड्रॉयड फोन है। Palm phone एक क्रे डिट कार्ड के साइज का है। इसके एलसीडी पैनल की पिक्सल डेनसिटी 445 पिक्सल प्रति इंच है और यह आईपी68 रेटिंग के साथ आता है। इस फोन में लाइफ मोड दिया गया है जो स्क्रीन ऑफ होने पर सारे इनकमिंग कॉल्स और नोटिफिकेशन को साइलेंट कर देता है। बता दें कि पाम फोन की कीमत 350 यूएस डॉलर यानि करीब 25,800 रुपए है।

# 5 जी के लिए मिलकर काम करेंगे नोकिया और बीएसएनएल

नई दिल्ली. सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल और मोबाइल हैंडसेट बनाने वाली दुनिया की जानी-मानी कंपनी नोकिया मिलकर 5वीं पीढ़ी की (5जी) मोबाइल सेवा के लिए काम करेंगी। इसके लिए दोनो ने एक करार किया है जिसके तहत नोकिया कंपनी चेन्नई स्थित अपने प्लांट में पांचवीं पीढ़ी के फोन निर्माण करने के लिए परिवर्तन करेगी। इसी करार के तहत दोनों कंपनियां 4जी तकनीक पर भी काम करेंगी जिससे इसमें मौजूद अवसरों का लाभ उठाया जा सके। बीएसएनएल के डायरेक्टर और एमडी अनुपम श्रीवास्तव का कहना है कि 5जी मोबाइल की दुनिया में नोकिया पहले से ही प्रमुख सहयोगी है।

# छक्कों के मामले में रोहित शर्मा बना सकते हैं ये बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली। टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे टीम का हिस्सा हैं। टीम के उप-कप्तान रोहित के पास पांच मैचों की वनडे सीरीज में एक खास मामले में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली से आगे निकलने का मौका होगा। भारत वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज 21 अक्टूबर से शुरू हो रही है। वनडे क्रिकेट में लंबे लंबे छक्के मारने के महारथी रोहित के पास सबसे ज्यादा छक्के उड़ाने के मामले में गांगुली और सचिन को पीछे छोड़ने का मौका रहेगा। रोहित ने अब तक 188 मैचों में 186 छक्के मारे हैं जबकि गांगुली ने 311 मैचों में 190 और सचिन ने 463 मैचों में 195 छक्के मारे हैं।

# दशहरा से पहले सस्ता हुआ सोना

नई दिल्ली। नरम वैश्विक संकेतों तथा स्थानीय आभूषण कारोबारियों की कमजोर मांग से मंगलवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 70 रुपए गिरकर 32,180 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, औद्योगिक इकाइयों तथा सिक्का निर्माताओं की मांग गिरने से चांदी भी 50 रुपए टूटकर 39,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। वैश्विक स्तर पर सिंगापुर में सोना 0.07 प्रतिशत गिरकर 1,226.90 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। चांदी भी 0.20 प्रतिशत की गिरावट के बाद 14.73 डॉलर प्रति औंस रही। कारोबारियों ने कहा कि शेयर बाजारों में तेजी का भी निवेशकों पर असर रहा।

# सुनील गावस्कर ने कहा, इन 3 खिलाड़ियों को मिलनी चाहिए एडिलेड टेस्ट की प्लेइंग इलेवन में जगह

हैदराबाद। वेस्टइंडीज के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट में अपने जोरदार प्रदर्शन के बाद तेज गेंदबाज उमेश यादव ने हर किसी की प्रशंसा बटोरी है. उमेश ने सीरीज के इस दूसरे टेस्ट में पहली पारी में छह और दूसरी पारी में चार विकेट झटके. मैच में उन्होंने 10 विकेट लेने की उपलब्धि हासिल की. उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के कारण भारतीय टीम न केवल इस टेस्ट में जीती बल्कि तीन दिन में ही मैच का फैसला अपने पक्ष में करने में सफल रही. अच्छी कद-काठी के उमेश यादव ने अपने इस प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज की प्लेइंग इलेवन में स्थान बनाने का मजबूत दावा पेश किया है. हैदराबाद टेस्ट के बाद भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने भी कहा कि उमेश ने अपने प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले माह से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए टीम की अंतिम एकादश के चयन को लेकर उलझन बढ़ा दी है.

# डेनमार्क ओपन में साइना नेहवाल का विजयी आगाज, पुरुष एकल में समीर वर्मा विजयी भी रहे सफल

नई दिल्ली। डेनमार्क ओपन का पहला दिन भारत के लिए मिश्रित सफलता वाला रहा. रियो ओलिंपिक की रजत पदक विजेता पीवी सिंधु जहां पहले दौर में ही हार कर बाहर हो गई, वहीं साइना नेहवाल को जीत हासिल हुई. पुरुष एकल में समीर वर्मा विजयी आगाज करने में सफल रहे, लेकिन मिश्रित युगल में अश्विनी पोनप्पा और सात्विकसाइराज रैंकीरेड्डी की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा. साइना ने महिला एकल के पहले दौर के मैच में हांगकांग की चेयुंग नगान यी को कड़े संघर्ष के बाद 20-22, 21-17, 24-22 से मात दी. भारतीय खिलाड़ी ने एक घंटे 21 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में फतह हासिल कर दूसरे दौर में प्रवेश किया. वर्ल्ड नंबर-11 साइना ने इस जीत के बाद चेयुंग नगान यी के खिलाफ अब अपना करियर रिकॉर्ड 2-1 का कर लिया है. प्री-क्वार्टर फाइनल में साइना का सामना दूसरी सीड जापान की अकाने यामागुची से होगा जिनके खिलाफ भारतीय खिलाड़ी का करियर रिकॉर्ड 1-6 का है. यामागुची ने पहले दौर के मुकाबले में स्पेन की बीट्रिज कोरेल्स को 21-18 15-21 16-21 से हराया. साइना ने पहला गेम 20-22 से हारने के बाद दूसरे गेम में शानदार वापसी की और 21-17 से गेम जीत लिया. तीसरा गेम दोनों खिलाड़ियों के बीच काफी रोमांचक रहा. तीसरे गेम में साइना ने 4-2 की बढ़त के साथ शुरुआत की, लेकिन यी ने एक समय 17-17 की बराबरी हासिल कर ली थी. भारतीय खिलाड़ी फिर 21-22 से पीछे हो गई. उन्होंने पहले तो 22-22 से बराबरी की और फिर 24-22 से गेम तथा मैच अपने नाम कर लिया.टूर्नामेंट में तीसरी सीड सिंधु को महिला एकल के पहले दौर में अमेरिका की बीवन झांग ने 56 मिनट में 21-17 16-21 21-18 से पराजित किया.

## आज का राशिफल

मेष: गणेशजी आपको क्रोध पर संयम बरतने की सलाह देते हैं। क्रोध पर संयम न रखने से आपको हानि हो सकती है। मानसिक रूप से व्यग्रता और बेचैनी के कारण किसी कार्य में आपका मन नहीं लगेगा।

वृषभ: आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। कार्य में सफलता प्राप्त करने में थोड़ा विलंब हो सकता है, आप निराश न हों। आज किसी नए कार्य का शुभारंभ न करें। खान-पान में उचित अनुचित का विवेक रखें।

मिथुन: आज का दिन आमोद-प्रमोद में बीतेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटन स्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे।

कर्क: व्यवसाय में आज का दिन लाभप्रायी रहेगा। कार्यालय में साथ काम करने वालों का सहयोग भी प्राप्त होगा। परिजन आपके साथ आज आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। मानसिक रूप से भी आप संपूर्ण स्वस्थ अनुभव करेंगे।

सिंह: आज गुजनात्मका और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ हैं। विद्यार्थीगण भी अभ्यास में अपना अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिजनों और मित्रों के साथ भेंट होगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

कन्या: आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। शारीरिक स्फूर्ति का आज अभाव हो सकता है। पी के साथ कलह न हो, ध्यान रखें। माता के स्वास्थ्य का विशेष रूप से ध्यान रखें। स्वादर संपत्ति के कार्य में सावधानी बरतें।

तुला: आज का दिन आनंद में बीतेगा। प्रतिस्पर्धियों के सामने विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक कार्य सफलता लेकर आएगा। परिजनों से भी आज मुलाकात होगी। मानसिकरूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी।

वृश्चिक: परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण बनाने के लिए वाणी पर संयम रखने के लिए गणेशजी सलाह देते हैं। आपके वाणी से किसी को ठेस ना पहुंचे, ध्यान रखें।

धनु: आज धार्मिक प्रवास होगा। आप निरीक्षित कार्यों को आज संपन्न कर सकेंगे। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी, जिससे स्फूर्ति और प्रसन्नता छाई रहेगी।

मकर: आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों के पीछे खर्च भी हो सकता है। कोर्ट-कचहरी से सभी संबंधित कार्य देखकर करें। व्यावसायिक कार्यों में बाधा उपस्थित हो सकते हैं।

कुंभ: आज का दिन लाभप्रायी है। व्यवसायिक क्षेत्र में आपके लिए आज लाभप्रायी दिन है। मित्रों से मुलाकात होगी जिससे मन में आनंद छाया रहेगा।

मीन: व्यवसायिक दृष्टि से आज आपके लिए लाभप्रायी दिन है। आपकी कार्यसफलता के कारण अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में प्रमोशन के भी योग हैं। व्यापारियों को व्यापार में लाभ होगा तथा उनके कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी होगी।

# मां दुर्गा की आठवीं शक्ति की पावन कथा

**शिव को पति रूप में पाने के लिए महागौरी ने की थी कठोर तपस्या**

**श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥**

नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी शक्ति की पूजा की जाती है। नाम से प्रकट है कि इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है।

अष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा गया है। 4 भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है इसीलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है। इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा है तथा नीचे

वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है। ऊपर वाले बांये हाथ में डमरू धारण कर रखा है और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है।

इनकी पूरी मुद्रा बहुत शांत है। पति रूप में शिव को प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इसी वजह से इनका शरीर काला पड़ गया लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा के पवित्र जल से धोकर कांतिमय बना दिया। उनका रूप गौर वर्ण का हो गया। इसीलिए ये महागौरी कहलाई।

ये अमोघ फलदायिनी हैं और इनकी पूजा से भक्तों के तमाम कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी नष्ट हो जाते हैं। महागौरी का पूजन-अर्चन, उपासना-आराधना कल्याणकारी है। इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियां भी प्राप्त होती हैं।

## इस तरह घर पर बनाएं टेस्टी सेवई उपमा

सेवई उपमा सुबह के नाश्ते के लिए बहुत अच्छा ऑप्शन है। यह खाने में टेस्टी होने के साथ ही हैल्थी भी होता है। सुबह नाश्ते में इसको खाने से जल्दी भूख नहीं लगती। टेस्टी सेवई उपमा को बहुत ही आसानी से और जल्दी से घर पर बनाया जा सकता है। आज हम आपको घर पर सेवई उपमा बनाने की विधि बताएंगे।

सामग्री - तेल- 2 टीस्पून
सेवई- 1 कप, पानी- उबालने के लिए
नमक- 1/2 टीस्पून, तेल- 3 टीस्पून
राई- 1 टीस्पून
उड़द की दाल- 1/2 टीस्पून
चना दाल- 1 टीस्पून
सूखी लाल मिर्च- 1
करी पत्ते- 5, मूंगफली- 1 मुट्ठी
अदरक (बारीक कटा हुआ)- 1 इंच
हरी मिर्च- 2
प्याज- 2 टेबलस्पून
मटर- 2 टेबलस्पून
गाजर- 2 टेबलस्पून
शिमला मिर्च- 2 टेबलस्पून
हरी फलियां- 2 टेबलस्पून
नमक- 1/2 टीस्पून
हल्दी- 1/2 टीस्पून
नींबू- 1/2
धनिया- 2 टेबलस्पून

विधि- 1. सबसे पहले पैन में 2 टीस्पून तेल गर्म करके सेवई डाल कर सुनहरी भूरी होने तक भून लें।

2. दूसरे पैन में पानी गर्म करके भूनी हुई सेमिया, 1/2 टीस्पून नमक डाल कर 3 मिनट तक इसे उबालें और इसे बाद में छान कर पानी से अलग कर दें।

3. कढ़ाई में 3 टीस्पून तेल गर्म करें और इसमें राई, उड़द की दाल, चना दाल, सूखी लाल मिर्च, करी पत्ते, मूंगफली डाल कर धीमी आंच पर भूनें।

4. अब इसमें अदरक और हरी मिर्च डाल कर पकाएं।

5. फिर प्याज मिक्स करके अच्छी तरह पका लें और बाद में मटर, गाजर, शिमला मिर्च, हरी फलियां डाल कर 1 मिनट तक पकाने दें।

6. इसके बाद इसमें हल्दी और नमक डाल कर 2 मिनट तक दोबारा पकाएं। जब तक सब्जियां अच्छी तरह से पक न जाएं।

7. अब इसमें उबली हुई सेमिया मिक्स करें।

8. सेवई उपमा बन कर तैयार है। अब इसके ऊपर हरा धनिया और नींबू डाल कर सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य-62

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (ऊ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. तारा में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफिक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 61 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | म | | म |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तीं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू-दोकू-62

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | 1 | | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग हैं,जिसमें 9वर्गों का एक वर्ग बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.61 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |